स्वदेश

खंडवा - मुख्य संस्करण

Date 27 Aug 2025

# पारदर्शिता ही विश्वास और प्रगति का आधार–सीएमडी




**स्वदेश समाचार ■ नेपानगर**

सतर्क ता सिर्फ एक विभागीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि हर अधिकारी-कर्मचारी की साझा जिम्मेदारी है। पारदर्शिता ही विश्वास का आधार है और यही विश्वास नेपा लिमिटेड को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

यह बात नेपा लिमिटेड के सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा विशिष्ट सेवा मेडल ने सोमवार को कही। वे नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक कार्यालय स्थित केंद्रीय सभागार में सतर्कता विभाग द्वारा आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे।

इस वर्ष केंद्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली के दिशा-निर्देशन में 'सतर्कता-हमारी साझा जिम्मेदारी' विषय पर 18 अगस्त से 17 नवंबर तक तीन माह की विशेष मुहिम चलाई जा रही है। इसका उद्देश्य कर्मचारियों में पारदर्शिता, प्रक्रियागत शुचिता और जवाबदेही की भावना को और मजबूत करना है।

**इन अफसरों ने लिया प्रशिक्षण**–इस विशेष प्रशिक्षण में उप प्रबंधक सतर्कता प्रकोष्ठ विजेंद्र चौधरी, सहायक अधिकारी सतर्क ता प्रकोष्ठ धनंजय प्रसाद मिश्रा, उप प्रबंधक पावर हाउस सुधीर कु मार पटले, प्रभारी विभागाध्यक्ष डी-इंकिंग संयंत्र, तकनीकी सचिव-सीएमडी प्रशांत सोनी, सहायक प्रबंधक पेपर मशीन संतोष तारापुरे, सहायक विधि अधिकारी दीपक सिंह ठाकुर और सहायक अधिकारी कार्मिक एवं प्रशासन राजेंद्र चौधरी ने मास्टर ट्रेनर्स के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

शिविर के दौरान वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक वाणिज्य राजेंद्र जाधव और प्रबंधक विपणन प्रशांत कुमार बैथालू मौजूद रहे।

# नेपा लिमिटेड में सतर्कता मुहिम का आगाज़ सीएमडी बोले पारदर्शिता ही विश्वास और प्रगति का आधार




**दैनिक खबरों की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले**
**बुरहानपुर/नेपानगर।** सतर्कता सिर्फ एक विभागीय प्रक्रिया नहीं,बल्कि हर अधिकारी-कर्मचारी की साझा जिम्मेदारी है। पारदर्शिता ही विश्वास का आधार है और यही विश्वास नेपा लिमिटेड को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा यह बात नेपा लिमिटेड के सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा विशिष्ट सेवा मेडल ने सोमवार को कही। वे नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक कार्यालय स्थित केंद्रीय सभागार में सतर्कता विभाग द्वारा आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे।

### तीन माह तक चलेगी सतर्कता मुहिम

इस वर्ष केंद्रीय सतर्कता आयोग,नई दिल्ली के दिशा-निर्देशन में 'सतर्कता- हमारी साझा जिम्मेदारी' विषय पर 18 अगस्त से 17 नवंबर तक तीन माह की विशेष मुहिम चलाई जा रही है। इसका उद्देश्य कर्मचारियों में पारदर्शिता, प्रक्रियागत शुचिता और जवाबदेही की भावना को और मजबूत करना है।

### मास्टर ट्रेनर्स को मिली विशेष ट्रेनिंग

मुहिम में मुख्य भूमिका निभा रहे मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार,भारतीय राजस्व सेवा के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में अधिकारियों को इन्वेस्टिगेशन और चार्जशीट प्रॉसीजर की बारीकियां सिखाई गईं। उन्होंने कहा सतर्कता तभी सार्थक है जब हर कर्मचारी खुद को इस प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार माने। नेपा लिमिटेड की यह पहल कार्यसंस्कृति को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी।

### इन अफसरों ने लिया प्रशिक्षण

इस विशेष प्रशिक्षण में उप प्रबंधक सतर्कता प्रकोष्ठ विजेंद्र चौधरी,सहायक अधिकारी सतर्कता प्रकोष्ठ धनंजय प्रसाद मिश्रा,उप प्रबंधक पावर हाउस सुधीर कुमार पटले,प्रभारी विभागाध्यक्ष डी-इंकिंग संयंत्र,तकनीकी सचिव-सीएमडी प्रशांत सोनी,सहायक प्रबंधक पेपर मशीन संतोष तारापुरे,सहायक विधि अधिकारी दीपक सिंह ठाकुर और सहायक अधिकारी कार्मिक एवं प्रशासन राजेंद्र चौधरी ने मास्टर ट्रेनर्स के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### वरिष्ठ अधिकारी भी रहे मौजूद

शिविर के दौरान वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार,प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन,प्रबंधक वाणिज्य राजेंद्र जाधव और प्रबंधक विपणन प्रशांत कुमार बैथालू मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर

बुरहानपुर 27-08-2025

# पारदर्शिता ही विश्वास और प्रगति का आधार : सीएमडी

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

सतर्कता सिर्फ एक विभागीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि हर अधिकारी-कर्मचारी की साझा जिम्मेदारी है। पारदर्शिता ही विश्वास का आधार है और यही विश्वास नेपा लिमिटेड को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

यह बात नेपा लिमिटेड के सीएमडी विशिष्ट सेवा मेडल प्राप्त कमोडोर अरविंद वडेरा ने सोमवार को नेपा मिल के अफसर-कर्मचारियों से कही। वे नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक कार्यालय स्थित केंद्रीय सभागार में सतर्कता विभाग द्वारा आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। इस वर्ष केंद्रीय सतर्कता आयोग नई दिल्ली के दिशा-निर्देशन में सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर 18 अगस्त से 17 नवंबर तक तीन महीने की विशेष मुहिम चलाई जा रही है। इसका उद्देश्य कर्मचारियों में पारदर्शिता, प्रक्रियागत शुचिता और जवाबदेही की भावना को और मजबूत करना है। मुहिम में मुख्य भूमिका निभा रहे मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में अधिकारियों को इन्वेस्टिगेशन और चार्जशीट प्रोसिजर की बारीकियां सिखाई गईं। उन्होंने कहा सतर्कता तभी सार्थक है, जब हर कर्मचारी खुद को इस प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार माने। नेपा लिमिटेड की यह पहल कार्य संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी। इस विशेष प्रशिक्षण में उप प्रबंधक सतर्कता प्रकोष्ठ विजेंद्र चौधरी, सहायक अधिकारी सतर्कता प्रकोष्ठ धनंजय प्रसाद मिश्रा, उप प्रबंधक पावर हाउस सुधीर कुमार पटले, प्रभारी विभागाध्यक्ष डी-इंकिंग संयंत्र, तकनीकी सचिव सीएमडी प्रशांत सोनी, सहायक प्रबंधक पेपर मशीन संतोष तारापुरे, सहायक विधि अधिकारी दीपक सिंह ठाकुर और सहायक अधिकारी कार्मिक-प्रशासन राजेंद्र चौधरी ने मास्टर ट्रेनर्स के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर के दौरान वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक-प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक वाणिज्य राजेंद्र जाधव और प्रबंधक विपणन प्रशांत कुमार बैथालू भी मौजूद रहे।



सीएमडी ने अफसर, कर्मचारियों के साथ चर्चा की।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ

# पारदर्शिता ही विश्वास और प्रगति का आधार :सीएमडी




पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

## मास्टर ट्रेनर्स को मिली विशेष ट्रेनिंग

मुहिम में मुख्य भूमिका निभा रहे मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार भारतीय राजस्व सेवा के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में अधिकारियों को इन्वेस्टिगेशन और चार्जशीट प्रॉसीजर की बारीकियां सिखाई। सतर्कता तभी सार्थक है जब हर कर्मचारी खुद को इस प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार माने। नेपा लिमिटेड की यह पहल कार्य संस्कृति को और अधिक मजबूत बनाएगी।

**नेपानगर.** सतर्कता सिर्फ एक विभागीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि हर अधिकारी, कर्मचारी की साझा जिम्मेदारी है। पारदर्शिता ही विश्वास का आधार है और यही विश्वास नेपा लिमिटेड को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। यह बात नेपा लिमिटेड के सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा विशिष्ट सेवा मेडल ने सोमवार को कही।

नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक कार्यालय स्थित केंद्रीय सभागार में सतर्कता विभाग द्वारा आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा निर्देशन में सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर 18 अगस्त से 17 नवंबर तक तीन माह की विशेष मुहिम चलाई जा रही है। इसका उद्देश्य कर्मचारियों में पारदर्शिता और जवाबदेही की भावना को और मजबूत करना है।

# नेपा लिमिटेड में सतर्कता मुहिम का आगाज़ सीएमडी बोले




संदीप भालसिंग अभियान आजतक जिला ब्यूरो चीफ

बुरहानपुर/( अभियान आज तक )सतर्कता सिर्फ एक विभागीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि हर अधिकारी-कर्मचारी की साझा जिम्मेदारी है। पारदर्शिता ही विश्वास का आधार है और यही विश्वास नेपा लिमिटेड को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा यह बात नेपा लिमिटेड के सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा विशिष्ट सेवा मेडल ने सोमवार को कही। वे नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक कार्यालय स्थित केंद्रीय सभागार में सतर्कता विभाग द्वारा आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे।

## तीन माह तक चलेगी सतर्कता मुहिम

इस वर्ष केंद्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली के दिशा-निर्देशन में 'सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी' विषय पर 18 अगस्त से 17 नवंबर तक तीन माह की विशेष मुहिम चलाई जा रही है। इसका उद्देश्य कर्मचारियों में पारदर्शिता, प्रक्रियागत शुचिता और जवाबदेही की भावना को और मजबूत करना है।

## मास्टर ट्रेनर्स को मिली विशेष ट्रेनिंग

मुहिम में मुख्य भूमिका निभा रहे मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार, भारतीय राजस्व सेवा के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में अधिकारियों को इन्वेस्टिगेशन और चार्जशीट प्रॉसीजर की बारीकियां सिखाई गईं। उन्होंने कहा सतर्कता तभी सार्थक है जब हर कर्मचारी खुद को इस प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार माने। नेपा लिमिटेड की यह पहल कार्यसंस्कृति को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी।

## इन अफसरों ने लिया प्रशिक्षण

इस विशेष प्रशिक्षण में उप प्रबंधक सतर्कता प्रकोष्ठ विजेंद्र चौधरी, सहायक अधिकारी सतर्कता प्रकोष्ठ धनंजय प्रसाद मिश्रा, उप प्रबंधक पावर हाउस सुधीर कुमार पटले, प्रभारी विभागाध्यक्ष डी-इंकिंग संयंत्र, तकनीकी सचिव-सीएमडी प्रशांत सोनी, सहायक प्रबंधक पेपर मशीन संतोष तारापुरे, सहायक विधि अधिकारी दीपक सिंह ठाकुर और सहायक अधिकारी कार्मिक एवं प्रशासन राजेंद्र चौधरी ने मास्टर ट्रेनर्स के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## वरिष्ठ अधिकारी भी रहे मौजूद

शिविर के दौरान वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक वाणिज्य राजेंद्र जाधव और प्रबंधक विपणन प्रशांत कुमार बैथालू मौजूद रहे।